





# पं. नेकीराम शर्मा राजकीय महाविद्यालय, रोहतक

## वार्षिक-प्रतिवेदन

**2023-24**



मुख्य अतिथि :
**वैशाली सिंह**
अतिरिक्त उपायुक्त, रोहतक



**डॉ. लोकेश बल्हारा**
प्राचार्य

# पं. नेकीराम शर्मा महाविद्यालय, रोहतक

## (वार्षिक प्रतिवेदन : 2023-24)

परम आदरणीय, अतिरिक्त उपायुक्त, जिला रोहतक **वैशाली सिंह** सम्मानित अतिथिगण, प्रबुद्ध पत्रकार बंधु, मेरे सहयोगीवृंद एवं प्रिय विद्यार्थियों आज महाविद्यालय के वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में मुख्यातिथि के रूप में आपको अपने मध्य पाकर हम अत्यन्त गौरवान्वित अनुभव कर रहे हैं। मैं महाविद्यालय परिवार की ओर से आपका हार्दिक अभिनन्दन करता हूँ। वैसे तो आपका सादगी से परिपूर्ण भव्य व्यक्तित्व ही आपकी पहचान है तथा किसी औपचारिक परिचय का मोहताज नहीं है लेकिन फिर भी सभा की परम्परा का निर्वहन करते हुए आपके जीवन्त, प्रेरणादायी एवं जुझारू व्यक्तित्व के कुछ पक्ष जो हमारी युवा पीढ़ी के लिए अनुकरणीय हो सकते हैं, उनसे आपको परिचित कराना मैं अपना पुनीत कर्त्तव्य समझता हूँ।

आप वर्तमान में रोहतक जिले की नवनियुक्त अतिरिक्त उपायुक्त हैं। आप 2019 बैच की आई.ए.एस. अधिकारी है। यूपीएससी परीक्षा में आपका ऑल इण्ड़िया आठवां रैंक था। आपने स्कूली शिक्षा डी.पी.एस. स्कूल फरीदाबाद से ग्रहण की है। नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी, नई दिल्ली से आपने 5 साल का एकीकृत बी.ए. कोर्स किया है। इस दौरान आपने 6 स्वर्ण पदक हासिल किए और कॉलेज में टॉपर रही। आपने लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी में आई.ए.एस. के लिए अपना प्रशिक्षण पूरा किया। वर्ष 2019 में कुरूक्षेत्र में सहायक आयुक्त अंडर ट्रेनिंग के रूप में कार्य किया। इसके उपरांत आपने एस.डी.एम. पलवल के पद पर सेवाएँ दी। नारनौल में अतिरिक्त उपायुक्त के पद के अलावा जिला परिषद् की मुख्य कार्यकारी व डी.एम.सी. के पद पर अपनी सेवाएँ दी। आपकी प्राथमिकताएँ हमेशा से ही आमजन की समस्याओं का समाधान करना रहा है। परिवार पहचान पत्र से सम्बन्धित समस्या हो या फिर सौर ऊर्जा पर विशेष फोकस करने की बात हो या फिर पात्र लोगों को सरकार की सभी सेवाएँ व योजनाएँ का लाभ तय अवधि में मिले, ये सब आपकी कार्यशैली के अहम बिंदु रहे हैं। हाल ही में आप स्वीप अभियान की नोड़ल अधिकारी नियुक्त हुई है, जिस अभियान के तहत अनेक प्रकार की गतिविधियों का आयोजन करके पहली बार मतदान करने वाले युवाओं को जागरूक किया गया। आपने युवाओं, अधिकारियों व कर्मचारियों को पूर्ण आस्था रखते हुए अपने देश की लोकतांत्रिक परंपराओं की मर्यादा को बनाये रखने तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण रखते हुए निर्भिक होकर धर्म, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना अपने मताधिकार का प्रयोग करने की शपथ दिलाई। आपके इन सराहनीय कार्य को देखते हुए इस बार के लोक सभा चुनावों में रोहतक जिले में ऐतिहासिक संख्या में मतदान होने की संभावना है।

महोदया, आपके योगदान और उपलब्धियों की सूची इतनी विस्तृत है कि इस सीमित समय में उसे प्रस्तुत करना असंभव है। योजना और प्रशासन के माध्यम से सामाजिक क्षेत्र की दिशा और विकास को आकार देने में तथा भारत की प्रशासनिक गुणवत्ता को बढ़ाने में आपका महत्त्वपूर्ण योगदान रहा है।

इन शब्दों के साथ मैं पुनः हार्दिक स्वागत करता हूँ। महाविद्यालय परिवार निश्चय ही आपके आगमन से आपका ऋणी रहेगा।

## महाविद्यालय का संक्षिप्त परिचय

आज मैं इस गौरवमय इतिहास वाले महाविद्यालय के विषय में संक्षेप में बताना चाहूँगा। यह महाविद्यालय हरियाणा के एक महान स्वतन्त्रता सेनानी पं. नेकीराम शर्मा के नाम पर है। इसकी स्थापना सन् 1927 में राजकीय इंटरमिडिएट कॉलेज के रूप में हुई। उसके पश्चात् इसे सन् 1944 में डिग्री कालेज बना दिया गया तथा सन् 1960 में शहर से इसे वर्तमान स्थान पर स्थानान्तरित कर दिया गया। सन् 1980 में महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय, रोहतक ने इस महाविद्यालय का प्रशासनिक अधिकार अपने हाथ में ले लिया। फलस्वरूप इसे यूनिवर्सिटी कॉलेज, रोहतक के नाम से जाना जाने लगा। अप्रैल, 2006 में हरियाणा सरकार द्वारा इसे फिर से राजकीय महाविद्यालय में परिवर्तित करते हुए पं. नेकीराम शर्मा राजकीय महाविद्यालय, रोहतक का नाम दिया गया।

## महाविद्यालय-परिवार

हमारे महाविद्यालय में 114 स्थायी तथा 04 अनुबंधित प्राध्यापक कार्यरत है। लगभग 89 प्राध्यापक विस्तार व्याख्यान पर विभिन्न विभागों में कार्यरत हैं। कार्यालय में श्रीमती कृष्णा हुडडा, उप-अधीक्षिका के नेतृत्व में 26 स्थायी, 04 आउटसोर्सिंग पॉलिसी-II व 24 आउटसोर्सिंग पॉलिसी-I कर्मचारी कार्यरत है। इस वर्ष डॉ. मुकेश वर्मा असोसिएट प्रोफेसर, संगीत व श्रीमती सुमित्रा कादयान असोसिएट प्रोफेसर, लोक प्रशासन, श्री दिनेश सहारन, प्राचार्य व श्री सुरेन्द्र मलिक असोसिएट प्रोफेसर समाज-शास्त्र सेवानिवृत्त हुए।

## बर्सर

डॉ. सुशील दलाल हमारे महाविद्यालय के बर्सर हैं, जो पूरी लगन एवं निष्ठा से से कार्य कर रहे हैं।

## महिला-प्रकोष्ठ

महाविद्यालय की छात्राओं को विभिन्न प्रकार की गतिविधियों के माध्यम से अधिकारों एवं कानून के क्षेत्र में जागरूक करने एवं छात्राओं का बहुआयामी विकास हेतु उच्चतर शिक्षा निदेशालय के निर्देशानुसार महाविद्यालयों में ''महिला अध्ययन एवं विकास प्रकोष्ठ'' को स्थापित किया गया।

1. दिनांक 6.12.2023 को डॉ. आरती साहू, स्त्री रोग विशेषज्ञ का 'मानसिक स्वास्थ्य एवं सफाई' विषय पर विस्तार व्याख्यान करवाया गया।
2. दिनांक 5.1.2024 को अधिवक्ता तमन्ना का 'महिलाओं के अधिकार एवं कानून' विषय पर विस्तार व्याख्यान करवाया गया।
3. दिनांक 8.1.2024 को अधिवक्ता गोविन्द हुड्डा का 'कार्यस्थल पर उत्पीडन एवं अत्याचार' विषय पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया।
4. दिनांक 9 जनवरी से 11 जनवरी 2024 तक अधिवक्ताओं की टीम के द्वारा महिलाओं की समाज और देश में

भागीदारी' विषय पर सेमीनार का आयोजन किया गया

5. दिनांक 15 जनवरी 2024 से 20 जनवरी 2024 तक चिकित्सकों की टीम द्वारा निम्न विषयों पर कार्यशालाओं का आयोजन किया गया।
6. दिनांक 18, 19 जनवरी 2024 को 'युवा वयस्कों में मासिक धर्म संबंधी समस्याएं' विषय पर कार्यशालाएं आयोजित की गई।
7. दिनांक 5 फरवरी 2024 को डॉ रूमझुम के द्वारा 'सामाजिक भागीदारी और नैतिकता' विषय पर विस्तार व्याख्यान करवाया गया।
8. दिनांक 7 फरवरी 2024 को डॉ. सुमन द्वारा 'Oral Health' पर कार्यशाला आयोजित करवाई गई।
9. दिनांक 8 फरवरी 2024 को डॉ. अर्चना द्वारा 'होम्योपैथी दवाईयों से निरोगी कैसे रहा जाये' विषय पर दो दिवसीय कार्यशाला आयोजित करवाई गई।
10. दिनांक 6 अप्रैल 2024 को महिला दिवस के उपलक्ष्य में Break Through Trust द्वारा महिला सशक्तिकरण पर सेमीनार का आयोजन किया गया।
11. इस सत्र में महिला प्रकोष्ठ के तत्वाधान में वर्षभर अनेक गतिविधियों व कार्यशालाओं का आयोजन प्राचार्य डॉ. लोकेश बल्हारा के कुशल संरक्षण व दिशा निर्देशन में महिला प्रकोष्ठ की प्रभारी डॉ. रेनू राना के संयोजक में सम्पन्न हुई।

**- डॉ. रेनू राना**

## प्लेसमैंट सेल

इस सत्र में प्लेसमेंट सेल ने कॉलेज के विद्यार्थियों के लिये विभिन्न विषयों पर सेमिनार आयोजित करवाये ।

1. 6.11.2023 को एक सेमिनार 'यूपीएससी परीक्षा को कैसे पास करें' विषय पर आयोजित करवाया गया। श्रीमति दीक्षा, आईपीएस ने बहुत ही विस्तृत तरीके से इस विषय पर विद्यार्थियों को बताया।
2. 30 नवम्बर 2024 को 'संचार कौशल के महत्व' विषय पर एक सेमिनार आयोजित करवाया गया जिसमें ट्रैनर अजय सिंह ने विद्यार्थियों को इस विषय पर विस्तार से समझाया।
3. 31 जनवरी 2024 को कॉलेज में एक रोजगार मेला आयोजित किया जिसमें 15 विभिन्न कॉलेजों के 610 विद्यार्थियों ने 16 एम एन सी के प्रतिनिधियों ने साक्षात्कार लिया। कॉलेज के 48 विद्यार्थियों को 'ऑफर लैटर' दिया।
4. 9 अप्रैल 2024 को कॉलेज में 'टाइम्स प्रो' की तरफ से 'प्लेसमेंट ड्राईव' का आयोजन किया। इस अवसर पर मिस्टर हेमंत ने एक्सिस बैंक, आई.सी.आई.सी.आई. बैंक व एकसेंजर प्राईवेट लिमिटेड के लिए तकरीबन 45 विद्यार्थियों का फर्स्ट स्टेज के लिए इंटरव्यू लिये।

**-डॉ. सुरेन्द्र सांगवान**

## शैक्षणिक भ्रमण

पं0 नेकी राम कॉलेज, राजकीय महाविद्यालय के छात्रों का वार्षिक शैक्षणिक भ्रमण, दिनांक 19 फरवरी 2024 से 24 फरवरी 2024 तक सफलतापूर्वक किया। जिसमें लगभग 45 विद्यार्थियों ने सफर का लुफ्त उठाया।

शैक्षणिक भ्रमण टीम ने अपनी यात्रा पं0 नेकी राम शर्मा, रोहतक, कॉलेज से सुबह 8 बजे आरम्भ की और निर्धारित समय पर आमेर के किले में प्रवेश किया। छात्रों ने पुराने किले की सभ्यता एवं चित्र, स्थान आदि की जानकारी प्राप्त की।

भ्रमण के अगले दिन अजमेर में (पुष्कर शहर) ब्रह्मा जी के मन्दिर में पूजा-अर्चना की। तत्पश्चात रेत के टीले में सफारी गाड़ी की सवारी की। अगले दिन झीलों का शहर, उदयपुर में बच्चों ने सहेलियों की बाडी एवं अन्य प्राकृतिक झीलों का दृश्य आनन्द प्राप्त किया। अगले (माऊण्ट आबू) में गुरू शिखर स्थान, अशवली पर्वत की सबसे ऊँची चोटी पर चढ़कर अन्य प्राकृतिक दृश्यों का आनन्द लिया। शैक्षणिक भ्रमण की टीम उत्साहपूर्वक वापस रोहतक शहर में पहुँच गई अपने गंतव्य स्थान पर।

**एक दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण :-** द्वितीय शैक्षणिक भ्रमण वनस्पति विज्ञान विभाग द्वारा भेजा गया। यह भ्रमण 11-03-2024 को रोहतक से सुल्तानपुर झील, गुडगाँव के लिए गया। इस भ्रमण में 55 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। सुलतानपुर राष्ट्रीय पक्षी उद्यान अब रामसर साइट भी कहलाया जाता है। यहाँ पर प्रवासी पक्षी जो कि यूरोप, साइबेरिया और मध्य एशिया से आते है। यहा की वनस्पति जो कि जामुन, पीपल, बरगद, शहतुत, कीकर व कचनार आदि पेड-पौधे देखने को मिले। यह भ्रमण विद्यार्थियों के शैक्षणिक और बौधिक विकास के लिए बहुत महत्त्वपूर्ण रहा। इस भ्रमण में विभाग के प्राचार्यो डॉ. सुरेन्द्र दलाल व डॉ. मोनिका को विशेष सहयोग रहा।

**डॉ. कुलदीप मलिक**

## छात्रावास सुविधाएँ

हमारे महाविद्यालय में 3 छात्रावास है। छात्रों के लिए हिमालय व अरावली तथा छात्राओं के लिए शिवालिक छात्रावास है। अरावली में छात्रों की कुल संख्या 152, हिमालय में छात्रों की कुल संख्या 150 तथा शिवालिक में छात्राओं की कुल संख्या 202 है। इन छात्रावासों में विद्यार्थियों को निम्नलिखित सुविधााएँ प्रदान की गई है :-

इन्वर्टर, वाटर कूलर, एक्वागार्ड, सी.सी.टी.वी. कैमरे, सोलर प्लांट, टी.वी., स्टडी रूम, कॉमन रूम, अंग्रेजी व हिन्दी समाचार पत्र, जिम, बैडमिंटन, बालीबाल व गीजर।

## शिवालिक कन्या छात्रावास

महाविद्यालय के शिवालिक कन्या छात्रावास में सत्र 2023-24 के दौरान निम्नलिखित सुविधाएँ उपलब्ध करवायी गई है।

1. छात्रावास में 5 नए गीजर की सुविधा उपलब्धा करवाई गई।
2. छात्रावास में छात्राओं के लिए खेलों का सामान मंगवाया गया।
3. छात्रावास के गर्ल्स कॉमन रूम में LED Tv की सुविधा उपलब्ध करवाई गई।
4. छात्रावास में Computer with Wifi की सुविधा उपलब्धा करवाई गई।
5. छात्रावास में खेलों का आयोजन करवाया गया।
6. छात्रावास में पौधारोपण करवाया गया।
7. छात्रावास में शिविर व्यवस्था दुरूस्त करवाई गई।
8. छात्रावास में तीन दिवसीय मानसिक स्वास्थ्य एवं ध्यान कार्यशाला का आयोजन करवाया गया।
9. छात्रावास में सात दिवसीय योग कार्यशाला का आयोजन करवाया गया।

10. महाविद्यालय के तीनों छात्रावासों के लिए हवन का आयोजन करवाया गया व प्रत्येक बुधवार को छात्राओं को हवन में जाने की अनुमति दी गई।

– **श्रीमति अनीता मलिक**, वार्डन

## रसायन विज्ञान

**रसायन विज्ञान विभाग ने निम्नलिखित कार्यक्रम आयोजित किये :-**

- रसायन विज्ञान विभाग के विद्यार्थियों ने सत्र 2023–24 के लिए आयोजित ओरिएंटेशन कार्यक्रम में भाग लिया ।
- 25 सितंबर 2023 को मृदा परीक्षण पर कार्यशाला का आयोजन किया गया।
- 26 सितंबर 2023 को बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया।
- मेंटर–मेंटी बैठक निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार आयोजित की गई और फीडबैक संबंधित प्राधिकारी को प्रस्तुत किया गया।
- रसायन विज्ञान विभाग के विद्यार्थियों ने 04 मार्च 2024 को रन फॉर यूनिटी में भाग लिया।
- रसायन विज्ञान विभाग द्वारा अक्टूबर–2023 और मार्च–2024 में सत्र परीक्षा आयोजित की गई ।
- रसायन विज्ञान विभाग के द्वारा 19.01.2024 को कॉलेज स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया था। प्रथम स्थान पर रहे छात्रों की टीम ने 24 जनवरी 2024 को जी0सी0डब्ल्यू0 रोहतक में जोनल स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी के लिए अर्हता प्राप्त की।
- रसायन विज्ञान विभाग के द्वारा पूरे सत्र में विभिन्न कौशल संवर्धन गतिविधियाँ/कार्यक्रम (दृष्टिबाधित ऑडियो वीडियो, प्रैक्टिकल वीडियो प्रस्तुति, वीडियो, नोट्स तैयार करना, सामाजिक आउटरीच कार्यक्रम और सत्र परीक्षाएँ आदि) चलाए गए।
- रसायन विज्ञान विभाग ने रसायन विज्ञान प्रयोगशाला में उपकरण, रसायन और कांच के बर्तनों का मूल्यांकन करने के लिए एक अश्वनलाइन सुविधा विकसित की है।

**डॉ. रविन्द्र सिंह**

## भौतिक विभाग

1. विज्ञान की महत्ता एवं उपयोगिता का सामान्य जीवन एवं शोधा में महत्त्वपूर्ण योगदान होता है। इसी सोच को विद्यार्थियों के जीवन में उतारने के लिए अंतर विद्यालय विज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन 19 जनवरी 2024 को विभाग द्वारा किया गया। विद्यार्थियों ने माडल बनाकर विज्ञान की महत्ता को चार–चाँद लगा दिए। प्राचार्य महोदय एवं विभागाध्यक्ष ने विजेता को पुरस्कृत किया।
2. दिनांक 24 जनवरी 2024 राजकीय महिला महाविद्यालय, रोहतक में अंतर जिला स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इसमें हमारे विभाग से Preeti एवं Sumesh ने हिस्सा लिया। उनके मॉडल का विषय 'ARS' - The Need of Hour रहा.

**– डॉ. अजय मान**

# वाणिज्य विभाग

**विभागीय गतिविधियां :-**

सत्र के आरंभ में वाणिज्य विभाग में 5 दिसंबर 2023 को 'शिक्षक दिवस' का आयोजन किया गया। इसके बाद 26 अक्टूबर 2023 को विभाग द्वारा 'छात्र विकास कार्यवाही' का आयोजन आईसीएफएआई बिजनेस स्कूल के सहयोग से किया गया। इसका शीर्षक था 'आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस' । 27 अक्टूबर 2023 को विभाग द्वारा 'शिक्षक अभिभावक वार्ता' का आयोजन हुआ और अभिभावकों से विद्यार्थियों के संदर्भ में गहन चर्चा की गई।

दिनांक 2 नवंबर 2023 से 9 नवंबर 2023 तक सोशल आउटरीच प्रोग्राम अर्थात सामाजिक नियंत्रण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में सफाई अभियान, जागरूकता अभियान, स्थानीय वस्तुओं के उपयोग में वृद्धि, वृक्षारोपण और वस्त्र वितरण कार्यक्रम आदि से संबंधित कार्य किए गए। दिनांक 20 जनवरी 2024 को एक विस्तार व्याख्यान का आयोजन 'कैरियर ऑपच्यूनिटीज इन कॉरपोरेट सेक्टर' विषय पर किया गया जिसमें मुख्य वक्ता श्री विनोद कुमार, त्रिज्ञा इन्नोवेशंस इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के एचआर प्रभारी रहे। इसके बाद एक और 'विस्तार व्याख्यान' का आयोजन दिनांक 15 मार्च 2024 को 'एन इंट्रोडक्शन टू स्टैटिसटिकल टेक्निक्स इन कॉमर्स' विषय पर करवाया गया। इस व्याख्यान के मुख्य वक्ता डॉ. ललित शर्मा एसोसिएट प्रोफेसर अर्थशास्त्र विभाग गुरु जंभेश्वर यूनिवर्सिटी हिसार रहे।

इसके बाद दिनांक 19 मार्च 2024 को 'विस्तार व्याख्यान' के लिए डॉक्टर्स की एक टीम को बुलाया गया। इस टीम में 'डॉ रमन सुखीजा, डॉक्टर अपूर्व नरूला, डॉक्टर ईशा नरूला और डॉक्टर विनीता गोयल' शामिल रहे। डॉ रमन सुखीजा ने 'हेल्थ एंड हाइजीन इन टीनएजर्स' विषय पर अपना व्याख्यान दिया। डॉ. अपूर्व नरूला ने, जो कि रोटरी क्लब के प्रेसिडेंट भी हैं, ने 'द रोल ऑफ एंपावर्ड मैन इन वुमन एंपावरमेंट' के बारे में विस्तार से बताया। डॉक्टर ईशा नरूला ने 'जेंडर डिस्क्रिमिनेशन, सेक्स डिटरमिनेशन एंड फीमेल फोएटिसाइड' के बारे में अपना व्याख्यान दिया। अंत में डॉक्टर विनीता गोयल ने 'सर्वाइकल कैंसर वैक्सीनेशन इन यंग एडल्ट्स' विषय पर विस्तार से जानकारी रखी और विभाग के विद्यार्थियों को इसके बारे में विस्तार से जानकारी दी।

**- डॉ. सतीश खासा**

# कम्प्यूटर विज्ञान विभाग

कम्प्यूटर विज्ञान विभाग में प्राचार्य महोदय, मेजर दिनेश सहारण के निर्देशन में नए विद्यार्थियों के लिए ओरिएंटेशन प्रोग्राम का आयोजन 9.08.2023 को किया गया ताकि नए छात्र छात्राओं को कॉलेज के साथ समायोजित होने में सहजता का अनुभव हो।

- कम्प्यूटर विभाग में 05.19.2023 को Teacher's Day मनाया गया। विभागाध्यक्ष डॉ. अनिल कुमार एवं अध्यापकगण और सभी विद्यार्थी इसमें शामिल हुए।
- कम्प्यूटर विभाग के द्वारा 08.09.2023 को Jio True 5G Seminar आयोजित किया गया। इसमें विद्यार्थियों को 5G Technology के बारे में अवगत कराया गया।
- कम्प्यूटर विभाग द्वारा समय-समय पर विस्तार व्याखान आयोजित किए गए इसी क्रम में 30 सितम्बर 2023 को Cyber Security पर एक व्याख्यान दिया गया।
- कम्प्यूटर विभाग में 19 जनवरी 2024 को कॉलेज लेवल विज्ञान प्रदर्शनी सम्पन्न हुई। सौरभ और खुशी (BCA IIIrd Year) ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। दूसरा स्थान शुभम और सन्दीप आहूजा (CA IIIrd Year) ने प्राप्त किया। तीसरा

स्थान साहिल नान्दल और जतिन ने प्राप्त किया। शिक्षा ने (BCA 2nd Sem) Best Explainer का स्थान प्राप्त किया। प्राचार्य मोदय डॉ. लोकेश बल्हारा और विभागाध्यक्ष डॉ. अनिल कुमार ने विजेता विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया।

जोनल लेवल विज्ञान प्रदर्शनी 24 जनवरी 2024 को राजकीय महिला महाविद्यालय, रोहतक में हुई जिसमें कम्प्यूटर विभाग के सौरभ और खुशी (BCA IIIrd Year) ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

राज्य स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी में 6 फरवरी 2024 को राजकीय महाविद्यालय हिसार में आयोजित की गई। सौरभ और खुशी (BCA IIIrd Year) ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। हमारे प्राचार्य महोदय डॉ. लोकेश बल्हारा और विभागाध्यक्ष डॉ. अनिल कुमार ने विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

कम्प्यूटर विभाग के विद्यार्थी कॉलेज के द्वारा समय-समय पर आयोजित होने वाले नौकरी मेला (Job Fair) में बढ़-चढ़ कर भाग लेते है और नौकरी के लिए चुने जाते है। 9 अप्रैल 2024 को भी एक Job Oriented Seminar का आयोजन किया गया।

कम्प्यूटर विभाग द्वारा समय-समय पर Staff Meeting आयोजित की जाती है ताकि विभाग का कार्य सुचारू रूप से किया जा सके।

**- डॉ अनिल कुमार**

## जीव विज्ञान विभाग

23 अप्रैल 2023 को जीव विज्ञान विभाग में अभिभावक-शिक्षक वार्ता का आयोजन किया गया

1) लगभग 70 विद्यार्थियों ने इसमें भाग लिया, जिसमे छात्रों को विभिन्न कैरियर सम्बंधित तथा प्रतियोगिता परीक्षाओं की जानकारी दी गई।
2) 29 अप्रैल 2023 को लगभग 6 विद्यार्थियों ने अंतराष्ट्रीय प्रतिरक्षा संगोष्ठी में भाग लिया
3) 13 जून 2023 में नेक टीम ने जीव-विज्ञान विभोग का दौरा किया। उन्होंने जीव विज्ञान के संग्रहालय की विस्तृत जानकारी ली।
4) 17 अगस्त 2023 को जीव विज्ञान द्वारा जिला स्तरीय विज्ञान प्रस्ताव लेखन प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया, जिसमे 9 कॉलेजों के कुल 132 छात्रों ने भाग लिया। सर्वश्रेष्ठ 10 विद्यार्थियों का चयन करके उन्हे प्रशंसा पत्र प्रदान किए गए।
5) 29 सितम्बर 2023 को विश्व हृदय दिवस पर विभाग द्वारा पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता कराई गई, इसमे कपीशा ने प्रथम, हिमानी ने द्वितीय व आदित्य ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।
6) 7 अक्टूबर 2023 को जीव विज्ञान ने विश्व जंतु दिवस के उपलक्ष्य में प्रश्नोत्तरी का आयोजन किया इसमे छात्रों से पक्षी जगत से संबंधित प्रश्न पूछे गये। जिसमें 7 टीमों से कुल 21 विद्यार्थियों ने भाग लिया।
7) 19 जनवरी 2024 जीव-विज्ञान के विद्यार्थियों ने विज्ञान प्रदर्शनी में भाग लिया।
8) 14 मार्च 2024 को श्री जगत सिंह गिल द्वारा नेत्रदान अभियान के तहत व्याख्यान आयोजित करवाकर बताया गया कि किस प्रकार मरणोपरांत एक नेत्रदान से हम कम से कम पाँच दृष्टिहीन लोगों को जीवनदान दे सकते है।

**- डॉ0 सुनीता**

# भूगोल विभाग

भूगोल विभाग द्वारा वर्ष 2023-24 में निम्नलिखित गतिविधियों का आयोजन करवाया गया-

1) भूगोल विभाग ने महाविद्यालय स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी में भाग लिया जो दिनांक 19 जनवरी 2024 को आयोजित की गई थी।

   पी.जी. महिला महाविद्यालय द्वारा स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया जिसमें भूगोल विभाग की टीम ने दूसरा स्थान प्राप्त किया।

2) दिनांक 20 फरवरी 2024 को भूगोल विभाग द्वारा विस्तार व्याख्यान करवाया गया जिसके मुख्य वक्ता एम.डी.यू. भूगोल विभाग के प्रमुख Dr. Mehtab Singh थे।

3) दिनांक 12 मार्च 2024 को भूगोल विभाग द्वारा पर्यावरण पर लघु फिल्म प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

**- डॉ0 सतबीर सिंह**

# वनस्पति विभाग

दिनांक 19.01.2024 को महाविद्यालय स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया, जिसमें विभाग की आठ टीमों के सोलह विद्यार्थियों ने अपने विज्ञान मॉडल प्रस्तुत किए। कक्षा बी.एस.सी. तृतीय की कुमारी मुद्रा एवं प्रियंका को उनके विज्ञान मॉडल– कृषि अवशेष प्रबंधन के लिए प्रथम पुरस्कार मिला तथा बी.एस.सी. प्रथम के अनुराग एवं मोहित को उनके विज्ञान मॉडल– बोनसाई के लिए द्वितीय पुरस्कार मिला। दीक्षा एवं वासुदेव बी.एस.सी. प्रथम ने विज्ञान मॉडल– स्वस्थ विश्व के लिए तृतीय पुरस्कार जीता। कक्षा बी.एस.सी. प्रथम की कुमारी ममता को उनके विज्ञान मॉडल– बायोरेमेडिएशन तकनीक के लिए सर्वश्रेष्ठ व्याख्याता का पुरस्कार मिला।

**- डॉ0 अनिल ढ़ाका**

# भूविज्ञान विभाग

कॉलेज के सबसे नवीन विभाग के रूप में स्थापित भूविज्ञान विभाग ने 2022-23 शैक्षणिक सत्र से मेडिकल और गैर-मेडिकल छात्रों के लिए बी.एस.सी. में भूविज्ञान को एक विषय के रूप में प्रस्तावित करना शुरू किया

**वार्षिक गतिविधियाँ :-** कक्षा संख्या 10 में छात्रों के लिए साल भर के लिए एक चट्टान नमूने का प्रदर्शन होता है, जिन्हें प्रेरित किया जाता है कि वे आएं, खोजें और विभिन्न चट्टानों और खनिजों को समझें, जिनके सभी प्रश्नों का सावधानीपूर्वक समाधान किया जाता है।

शिक्षक सदस्य ने वर्ष भर में आयोजित र्क क्षेत्रीय दौरों के माध्यम से नमूने इकटठे किए, जिससे व्यावसायिक काम की सुविधा सुनिश्चित हो।

**-डॉ. प्रियंका शांडिल्य**

# राजनीतिविज्ञान विभाग

1. दिनांक 10.10.2023 को श्री लाल नाथ हिन्दू कॉलेज में आयोजित भारत श्रेष्ठ भारत विषय पर जिला स्तरीय ई-क्विज में एम.ए. द्वितीय वर्ष के छात्र विजय कुमार ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।
2. दिनांक 11.10.2023 को म.द.वि. के लोकप्रशासन विभाग द्वारा आयोजित वाद-विवाद प्रतियोगिता में राजनीति विज्ञान

विभाग की दो छात्राओं मनदीप एवं भूमि ने 3100 रूपये का प्रथम स्थान प्राप्त कर महाविद्यालय का नाम रोशन किया।

3. दिनांक 6.11.2023 को अभिभावक – अध्यापक मीटिंग का आयोजन किया गया। अभिभावकों को अपने बच्चों की शिक्षा के प्रति जागरूक रहने के लिए प्रेरित किया गया।
4. दिनांक 25 जनवरी 2024 को मतदाता दिवस के उपलक्ष्य में महाविद्यालय के सभी सदस्यों (प्राचार्य महोदय, प्राध्यापक, मन्त्रालय विभाग व विद्यार्थियों) ने प्राचार्य महोदय की अध्यक्षता व संरक्षण में शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया।
5. राष्ट्रीय मतदाता दिवस 25 जनवरी 2024 को रा. महिला महाविद्यालय रोहतक में आयोजित जिला स्तरीय भाषण प्रतियोगिता में विभाग की छात्रा संजना ने प्रथम स्थान प्राप्त कर महाविद्यालय का नाम रोशन किया।
6. दिनांक 21 मार्च 2024 को एक राष्ट्र एक निर्वाचन विषय पर वाद–विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसके 250 महाविद्यालय के विद्यार्थियों में बढ़–चढ कर भाग लिया।
7. दिनांक 24 मार्च 2024 को चुनावों ने युवाओं की भागीदारी आवश्यक विषय पर निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।
8. दिनांक 08 अप्रैल 2024 को लोकतन्त्र को सफल बनाने में युवाओं की भागीदारी विषय पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

– डॉ. रेनू राणा

## मनोविज्ञान विभाग

संयोजक डॉ. दिनेश सिंह व सदस्य डॉ. अनिता मलिक, डॉ. मीनाक्षी दलाल, डॉ. सुनील राठी व डॉ. सुमन श्योराण की देखरेख में विभाग वर्ष भर सक्रिय रहा।

- 10 नवम्बर 2023 को विभाग की ओर से स्लोगन लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें विद्यार्थियों ने बढ़–चढ़ कर भाग लिया। भूमिका ने प्रथम स्थान, मयंक ने द्वितीय स्थान तथा कुणान और संतोष ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।
- 10 अक्टूबर 2023 को विभाग की ओर से पोस्टर निर्माण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मोहित ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। खुशी ने द्वितीय व रोहित एवम् नैन्सी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।
- 10 अक्टूबर 2023 को विभाग ने मानसिक स्वास्थ्य जागरूक के लिए एक रैली समागमन का आयोजन किया। विभाग के सभी सदस्यों और छात्र तथा छात्राओं ने भाग लिया।
- 19 जनवरी 2024 को विज्ञान प्रदर्शनी आयोजित की गई जिसमें बच्चों ने 10 मॉडल निर्मित किये। साहिल व सचिन प्रथम पुरस्कार के हकदार बनें। द्वितीय स्थान को पलक तथा मोहिनी और मुस्कान तृत्तीय रही। निर्णायक मण्डल में डॉ. विजेन्द्र, डॉ. अनिता मलिक व डॉ. मीनाक्षी शामिल थे।
- 20 मार्च 2024 को अंतर्राष्ट्रीय प्रसन्नता दिवस के उपलक्ष्य में एक कार्यशाला आयोजित की गई। प्राचार्य डॉ. लोकेश बल्हारा ने विद्यार्थियों को प्रसन्नता के मूलमन्त्र बताये तथा खुश रहने को अहम् बताया। डॉ. दिनेश सिंह और डॉ. अनिता मलिक ने भी प्रसन्नता की महता को समझाया।

–डॉ. दिनेश सिंह

# चित्रकला परिषद्

संयोजिका डॉ0 एकता शर्मा व सदस्यों के सहयोग से वर्ष भर चित्रकला परिषद् द्वारा विभिन्न गतिविधियों का आयोजन करवाया गया।

- दिनांक 25 अगस्त 2023 को महाविद्यालय के 3 छात्र-छात्राओं ने, सिविल सर्जन, टी.बी. अस्पताल, रोहतक द्वारा आयोजित पोस्टर बनाओ प्रतियोगिता में भाग लिया जिसका विषय अंतर्राष्ट्रीय युवा दिवस 2023 रहा।
- 8 सितम्बर 2023 को प्रतिभा खोज प्रतियोगिता का आयोजन करवाया गया जिसके तहत 10 प्रतियोगिताओं का आयोजन करवाया गया, इसमे छात्र-छात्राओं ने बढ़ -चढ़कर भाग लिया।
- 9 सितम्बर 2023 को कला प्रदर्शनी का आयोजन किया गया जिसमें छात्र-छात्राओं ने अपनी कलाकृतियों को प्रदर्शित किया।
- गॉड ब्राह्मण कॉलेज, रोहतक में 29, 30 व 31 अक्टूबर 2023 को आयोजित युवा महोत्सव में छात्र-छात्राओं ने भाग लिया व Clay Modelling में पुष्कर, M.Com 1st Year द्वारा तीसरा पुरस्कार प्राप्त किया गया।
- 7 फरवरी 2024 को विभिन्न प्रतियोगिताओं जैसे पोस्टर बनाओं, पेंटिंग, कोलाज, कार्टूनिंग, स्केच बनाओ, मेहंदी, रंगोली, कबाड से जुगाड बनाओं का आयोजन किया गया जिसमें छात्र-छात्राओं द्वारा अपनी प्रतिभाओं का प्रदर्शन किया गया।

**-डॉ. एकता शर्मा**

# अंग्रेजी विभाग

अंग्रेजी विभाग द्वारा इस सत्र में विद्यार्थियों के विकास के लिए विभिन्न प्रकार की गतिविधियाँ करवायी गई -

1. 15 मार्च 2024 को कॉलेज में अंग्रेजी विभाग की तरफ से ''कम्यूनिटेशन स्किल्स फॉर न्यू ऐज लर्नर्स'' विषय पर एक विस्तार व्याख्यान आयोजित किया गया। इस अवसर पर चण्डीगढ़ यूनिर्वसीटी में असिस्टैंट प्रो. निकिता बल्हारा ने विषय पर विस्तार से छात्र-छात्राओं को बताया।
2. 21 मार्च 2024 को अंग्रेजी विभाग द्वारा पोस्टर बनाओ व स्लोगन लिखो प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसका विषय विश्व जल दिवस रहा जिसमें लगभग 40 छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया।
3. 20 मार्च 2023 को रंगमंच गतिविधियों का आयोजन किया जिसमें लगभग 35 विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।
4. विभाग द्वारा 01-08/09/2023 तक उल्लास नव भारत साक्षरता कार्यक्रम के तहत साक्षरता सप्ताह के दौरान 'भाषण प्रतियोगिता और कविता पाठ' का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में 30-40 विद्यार्थियों ने बढ़चढ कर हिस्सा लिया।
5. टैलेंट सर्च प्रोग्राम 2023-24 के तहत अंग्रेजी विभाग ने साहित्यिक सोसाइटी के साथ मिलकर 'कविता पाठ, भाषण प्रतियोगिता व तर्क-वितर्क/वाद-विवाद प्रतियोगिता करवाई जिसमें 20-30 विद्यार्थियों ने अपना हुनर दिखाया।
6. विभाग द्वारा 16-10-2023 को इंटर क्लास कविता पाठ व भाषण प्रतियोगिता' का आयोजन किया गया जिसमें 20 से ज्यादा विद्यार्थियों ने भाग लिया।
7. महाविद्यालय में तरंग 2024 का आयोजन 07-08/02/2024 को किया गया जिसमें साहित्यिक सोसाइटी ने अंग्रेजी विभाग के साथ मिलकर साहित्यिक गतिविधियों जैसे 'कविता पाठ भाषण प्रतियोगिता व वाद-विवाद' का आयोजन किया। इन प्रतियोगिता व वाद-विवाद' का आयोजन किया। इन प्रतियोगिताओं में 40-50 विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

**- डॉ. सुरेन्द्र सांगवान**

# अर्थशास्त्र विभाग

**अर्थशास्त्र विभाग की शैक्षणिक सत्र 2023-24 की विभागीय गतिविधियों का विवरण निम्न प्रकार है :**

- शैक्षणिक सत्र की शुरुआत नए प्रवेशित विद्यार्थियों को विभाग के लोकाचार और शैक्षणिक अपेक्षाओं से परिचित कराने के लिए तैयार किए गए एक ओरिएंटेशन कार्यक्रम के साथ हुई। इस पहल का उद्देश्य विद्यार्थियों को उनकी शैक्षणिक यात्रा में सहज परिवर्तन की सुविधा प्रदान करना है।
- विद्यार्थियों के व्यावहारिक कौशल को बढ़ाने के लिए, अर्थशास्त्र विभाग ने 9 सितंबर, 2023 को एक व्यापक कौशल विकास कार्यशाला का आयोजन किया। इस कार्यशाला ने विद्यार्थियों को पेशेवर संचार के विभिन्न पहलुओं में व्यावहारिक अनुभव और व्यावहारिक अंर्तदृष्टि प्रदान की, जिससे उन्हें उनकी शैक्षणिक और व्यावसायिक गतिविधियों में सफलता के लिए आवश्यक उपकरण उपलब्ध हुए।
- 29 सितंबर, 2023 को, विभाग ने एक आकर्षक निबंध लेखन प्रतियोगिता की मेजबानी की, जिसमें विद्यार्थियों को अपनी विश्लेषणात्मक कौशल और लेखन क्षमताओं का प्रदर्शन करने के लिए आमंत्रित किया गया।
- एम.ए. अर्थशास्त्र के छात्र अरुण विजेता के रूप में उभरे, उसके बाद बी.ए. (तृतीय वर्ष) की शिवानी ने दूसरा स्थान हासिल किया और एम.ए. अर्थशास्त्र की दिव्या ने तीसरा स्थान हासिल किया। इस प्रतियोगिता ने न केवल स्वस्थ शैक्षणिक प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा दिया बल्कि विद्यार्थियों को समसामयिक आर्थिक मुद्दों पर अपने विचारों और दृष्टिकोण को व्यक्त करने के लिए एक मंच भी प्रदान किया।
- इसके अलावा, समग्र शिक्षा प्रदान करने की विभाग की प्रतिबद्धता के अनुरूप, अर्थशास्त्र विभाग के विद्यार्थियों को केंद्र सरकार के वार्षिक बजट पर व्यापक जानकारी प्रदान की गई, विशेष रूप से अंतरिम बजट पर ध्यान केंद्रित किया गया। इस सत्र ने बजट निर्माण की जटिलताओं, आर्थिक नीति निर्णयों और अर्थव्यवस्था के विभिन्न क्षेत्रों पर बजटीय आवंटन के निहितार्थ पर बहुमूल्य अंर्तदृष्टि प्रदान की।
- सैद्धांतिक अंर्तदृष्टि और व्यावहारिक सीखने के अनुभवों के मिश्रण के माध्यम से, विभाग के विद्यार्थियों को कुशल अर्थशास्त्री और जिम्मेदार वैश्विक नागरिक बनने के लिए सशक्त बनाने का प्रयास किया है।

**- डॉ. दीपक वत्स**

# हिन्दी विभाग

संयोजक डॉ. विकास व अन्य प्राधयापकों डॉ. मनोज, डॉ. ईशा, कोमल, सुनील, डॉ. शौकीना, डॉ. दलबीर, डॉ. सरीता व डॉ. सुनील की देखरेख में हिंदी-विभाग वर्षभर सक्रिय रहा।

1. 12 सितम्बर 2023 को प. नेकीराम शर्मा महाविद्यालय में हुनर 2023 के तहत साहित्यिक का आयोजन किया गया। समें हिन्दी विभाग द्वारा हिन्दी काव्य पाठ, हिन्दी भाषण, हरियाणवी कविता, पंजाबी कविता, संस्कृत भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। हिन्दी कविता पाठ में प्रथम स्थान पर भूमिका रही। हिन्दी काव्य पाठ में आरती व भाषण प्रतियोगिता में सिमरन प्रथम स्थान पर रही। हरियाणवी कविता में साहिल ने प्रथम स्थान व पंजाबी कविता में वंश ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।
2. 14 सितम्बर 2023 (हिन्दी दिवस) के अवसर पर हिन्दी विभाग द्वारा विस्तार व्शख्यान आयोजित किया गया। डॉ. विकास ने वर्तमान परिप्रेक्ष्य और हिंदी का स्वरूप विषय पर विस्तरित व्याख्यान दिया। इस अवसर पर हिन्दी विभाग द्वारा काव्य पाठ प्रतियोगिता का आयोजन करवाया गया। जिसमें अनेक विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया। हिन्दी काव्य पाठ में श्वेता प्रथम स्थान पर रही। हरियाणवी काव्य पाठ में सौरभ प्रथम व हिन्दी भाषण में मनु प्रथम स्थान पर रहा।

3. क्षेत्रीय स्तरीय प्रतियोगिता के बाद 4, 5, 6 नवम्बर 2023 को जिला स्तर पर युवा महोत्सव का आयोजन महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय में करवाया गया। विभिन्न प्रतियोगिताओं में भिन्न-भिन्न कॉलेजों के लगभग 1000 प्रतिभागियों ने अपनी प्रतिभा का सफल परिचय दिया।
4. दिनांक 6 नवम्बर 2023 को महाविद्यालय के हिन्दी विभाग द्वारा प्राचार्य लोकेश बल्हारा के कुशल निदेशन में ऑनलाईन अभिभावक प्राध्यापक संवाद का आयोजन किया गया। इस आयोजन में छात्र-छात्राओं के अभिभावकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया तथा प्राध्यापकों ने विद्यार्थियों से जुडे विभिन्न मुद्दों पर उनसे चर्चा की।
5. दिनांक 24 जनवरी 2024 को विश्व हिन्दी दिवस का आयोजन प्राचार्य डॉ. लोकेश बल्हारा व हिन्दी विभागाध्यक्ष डॉ. विकास ने बच्चों के साथ अपने विचार सांझा करते हुए बताया कि आज हिन्दी दुनिया की ताकतवर भाषाओं में से एक है हर साल विश्व हिन्दी दिवस को अलग-अलग थीम के साथ मनाया जाता है।
6. दिनांक 7 फरवरी 2024 को तरंग महोत्सव व 21 फरवरी 2024 को मातृ भाषा दिवस मनाकर बच्चों को प्रोत्साहित किया गया कि सभी प्रत्येक कार्यक्रम में बढ़चढ़ कर भाग लें। इसी के साथ हिन्दी विभाग की प्रत्येक गतिविधियों के साथ सत्र को समाप्त किया गया।

**-डॉ. विकास कुमार**

# संस्कृत विभाग

1. दिनांक 9 अगस्त 2023 को बी.ए. प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों का अभिविन्यास कार्यक्रम करवाया गया।
2. दिनांक 12 सितम्बर 2023 को महाविद्यालय के प्रांगण में (प्रतिभा-खोज) हुनर का आयोजन किया गया। जिसमें संस्कृत श्लोकोच्चारण तथा संस्कृत भाषण प्रतियोगिताएं करवायी गयी। श्लोकोच्चारण में प्राची (बी.ए. द्वितीय वर्ष) प्रथम, शिवा (बी.ए. Psy प्रथम वर्ष) ने द्वितीय तथा सुमित कुमार (बी.ए., प्रथम वर्ष) ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।
3. दिनांक 29.11.2023 से 1.12.2023 तक युवा महोत्सव का आयोजन गौड ब्राह्मण महाविद्यालय में किया। इसमें प्राची बी.ए. द्वितीय वर्ष ने श्लोकोच्चारण में द्वितीय स्थान प्राप्त किया तथा संस्कृत नाटक में साहिल एम.ए. को श्रेष्ठ अभिनेता के पुरस्कार से सम्मानित किया।
4. दिनांक 7 फरवरी को 'तरंग' कार्यक्रम के अन्तर्गत अनेक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। संस्कृत श्लोकोच्चारण में प्राची (बी.ए. प्रथम वर्ष) ने प्रथम, प्रिया (बी.ए. प्रथम वर्ष) ने द्वितीय तथा रेखा (बी.ए.) प्रथम वर्ष ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

**- डॉ. निर्मला**

# पुस्तकालय

लाइब्रेरी रेस्टोरर श्री मुकेश कुमार व सहयोगियों द्वारा लाइब्रेरी का प्रबंधन किया जाता है। सारी पुस्तकें SOUL सॉफ्टवेर में अपडेटेड है । जरूरतमंद विद्यार्थियों के लिए एक book bank भी बनाया गया है जिसमे 7342 किताबें है । विद्यार्थियों के लिए हर महीने तकरीबन 25 मैगजीन और 18 दैनिक अखबार मंगाई जाती है। लाइब्रेरी में विद्यार्थियों के लिए ऑनलाइन परीक्षाओं की तैयारी के लिए छै कंप्यूटर लगाये गये है । लाइब्रेरी में वातानुकूलित दो बड़े रीडिंग रूम और लड़कियों के एक अलग से हॉल है। इस सत्र में तीन लाख रुपये की 497 नई पुस्तकें लाइब्रेरी के लिए खरीदी । पुस्तकालय में कुल 101290 किताबें है । लाइब्रेरी में

ब्रिटिश लाइब्रेरी की ऑनलाइन मेम्बरशिप ली हुई है जिसमे ऑनलाइन बुक्स देख सकते है लाइब्रेरी में एन लिस्ट की मेम्बरशिप ली हुई है और विद्यार्थियों को इसकी एकसेस दी हुई है ।

## वार्षिक खेलकूद गतिविधियां 2023-24

हमारे महाविद्यालय के टीमों ने म. द. विश्वविद्यालय, रोहतक की अंतर महाविद्यालय प्रतियोगिता में भाग लेते हुए निम्नलिखित उपलब्धियां प्राप्त की।

- महाविद्यालय की छात्रा मुस्कान ने रूस में आयोजित ग्रेपलिंग वर्ल्ड चैंपियनशिप में भाग लिया व रजत पदक प्राप्त किया।
- महाविद्यालय की रिले टीम (4x100m.) ने अंतर महाविद्यालय प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त किया व छात्र रजत जाखड़ ने महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय की टीम का प्रतिनिधित्व किया।
- हमारे महाविद्यालय की वालीबाल महिला टीम ने महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय अंतर महाविद्यालय प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त किया व दो खिलाड़ियों मानसी एवं ललिता ने महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व करते हुए नॉर्थ वेस्ट जोन में तृतीय स्थान प्राप्त किया।
- हमारे महाविद्यालय की टेबल टेनिस महिला टीम ने महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय अंतर महाविद्यालय प्रतियोगिता में तृतीय स्थान प्राप्त किया व दो खिलाड़ियों खुशी एवं मुस्कान ने महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व करते हुए नॉर्थ वेस्ट जोन में तृतीय स्थान प्राप्त किया।
- हमारे महाविद्यालय की फुटबॉल पुरुष टीम ने महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय अंतर महाविद्यालय प्रतियोगिता में तृतीय स्थान प्राप्त किया व दो खिलाड़ियों शुभम एवं अंशु सिंह ने महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व करते हुए नॉर्थ वेस्ट जोन में तृतीय स्थान प्राप्त किया।
- हमारे महाविद्यालय की फुटबॉल महिला टीम ने महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय अंतर महाविद्यालय प्रतियोगिता में तृतीय स्थान प्राप्त किया व तीन खिलाड़ियों श्वेता, निशा, एवं रविशा ने महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व करते हुए नॉर्थ वेस्ट जोन में तृतीय स्थान प्राप्त किया।
- हमारे महाविद्यालय की क्रिकेट पुरुष टीम ने महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय अंतर महाविद्यालय प्रतियोगिता में तृतीय स्थान प्राप्त किया व खिलाड़ी शुभम महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के प्रशिक्षण शिविर में रहा।
- पुरुष वर्ग की बॉक्सिंग प्रतियोगिता में आकाश ने स्वर्ण पदक व सचिन दलाल ने कांस्य पदक प्राप्त किया व महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व किया व छात्र सौरभ ने इंटर कॉलेजे स्टेट बॉक्सिंग टूर्नामेंट में कांस्य पदक प्राप्त किया।
- महिला वर्ग की बॉक्सिंग प्रतियोगिता में खुशी ने स्वर्ण प्राप्त किया व महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व किया।
- महाविद्यालय के शारीरिक शिक्षा विभाग ने फुटबॉल पुरुष व महिला वर्ग की अंतर महाविद्यालय प्रतियोगिताओं का आयोजन किया व दोनों वर्गो के प्रशिक्षण शिविरों का भी आयोजन किया।
- विश्व स्वास्थ्य दिवस के उपलक्ष में महाविद्यालय प्रांगण में विशेष योग व्याख्यान का आयोजन किया।
- महाविद्यालय के महिला छात्रावास में एक योग का सात दिवसीय योग प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया।
- शारीरिक शिक्षा विभाग के द्वारा इंटर हॉस्टल वॉलीबॉल प्रतियोगिता, इंटर हॉस्टल रस्सा कस्सी प्रतियोगिता, इंटरामुराल रस्सा कस्सी प्रतियोगिता व शिक्षकों के बीच क्रिकेट मैच का आयोजन सफलतापूर्वक किया गया।

हमारे महाविद्यालय के 50 से अधिक खिलाड़ियों ने अंत:विश्वविद्यालय तथा राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भाग लेते हुए

विभिन्न खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। दिनांक 7-8 नवंबर 2023 को महाविद्यालय की 89वीं खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें महाविद्यालय के खिलाड़ियों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। इस प्रतियोगिता में पुरुष वर्ग में मनीष और महिला वर्ग में काफी को सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया। हमें इन खिलाड़ियों पर गर्व है। हमारे महाविद्यालय की 25 टीमों ने विभिन्न खेलों में भाग लेते हुए महाविद्यालय को म. द. विश्वविधालय की अंतर महाविद्यालय प्रतियोगिता में प्रतिनिधित्व किया। इन सभी उपलब्धियों का श्रेय शारीरिक शिक्षा विभाग के डॉ. धर्मेंद्र सिंह, डॉ. राजेश, डॉ. मस्तराम तथा डॉ. प्रवीण धायल तथा महाविद्यालय के प्रिंसिपल राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित डॉक्टर लोकेश बल्हारा व समस्त महाविद्यालय स्टाफ को जाता है। जिन के सहयोग से ही यह सभी उपलब्धियां प्राप्त हो सकी।

– **डॉ. धर्मेन्द्र**

## सांस्कृतिक गतिविधियाँ

सांस्कृतिक गतिविधियों के क्षेत्र में पंडित नेकीराम शर्मा राजकीय महाविद्यालय, रोहतक हमेशा अग्रिम पंक्ति में रहा है। इस सत्र में महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक गतिविधियों और प्रतियोगिताओं में पूर्ण उत्साह के साथ भागीदारी दिखाई। महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय, रोहतक का रोहतक-सोनीपत क्षेत्रीय युवा समारोह 19 अक्टूबर से 31 अक्टूबर 2023 तक गौड़ ब्राह्मण डिग्री कॉलेज, रोहतक में आयोजित किया गया। हमारे महाविद्यालय ने सभी प्रतियोगिताओं में भाग लेकर 22 प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान पर की प्राप्त करके ओवरऑल ट्रॉफी जीती जो कि महाविद्यालय परिवार के लिए बहुत गौरव का विषय है। युवा समारोह की विभिन्न विधाओं के प्रभारी एवं सदस्यों के सहयोग से यह संभव हो पाया, सभी बधाई के पात्र हैं। महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय, रोहतक द्वारा 4 नवंबर से 6 नवंबर 2023 तक अंतर क्षेत्रीय युवा समारोह का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने 22 प्रतियोगिताओं में पूरे जोश और जुनून के साथ प्रतियोगिताओं में भाग लिया और अपनी बेहतरीन प्रस्तुतियां देकर 22 में 17 प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान प्राप्त करते हुए महाविद्यालय का नाम रोशन किया। इसी कड़ी में महाविद्यालय के छात्र गौरव और सागर ने नेशनल यूथ फेस्टिवल में महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय रोहतक की टीम का प्रतिनिधित्व करते हुए आर्केस्ट्रा हरियाणवी में दूसरा स्थान प्राप्त किया। यह महाविद्यालय के लिए बहुत ही गौरव की बात है। इसी कड़ी में हरियाणा एड्स कंट्रोल सोसायटी द्वारा आयोजित ड्रामा प्रतियोगिता में जिला स्तर पर प्रथम तथा 27-28 फरवरी 2024 को एमएसडी कॉलेज अंबाला में आयोजित राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में महाविद्यालय की टीम ने तृतीय स्थान प्राप्त करके महाविद्यालय का नाम रोशन किया।

दीनबंधु सर छोटूराम विज्ञान एवं टेक्नोलॉजी विश्वविद्यालय, मुरथल द्वारा आयोजित रिदम 2023 में महाविद्यालय के विद्यार्थी गौरव ने मिमिक्री में प्रथम, भूमिका ने एलोकुशन में प्रथम तथा कविता पाठ में तृतीय स्थान प्राप्त करके महाविद्यालय का नाम रोशन किया।

नेहरू युवा केंद्र द्वारा 10 जनवरी 2024 को आयोजित जिला स्तरीय भाषण प्रतियोगिता में हमारे महाविद्यालय की छांत्रा भूमिका ने प्रथम स्थान प्राप्त किया । 15 फरवरी 2024 को आयोजित प्रदेश स्तरीय भाषण प्रतियोगिता में भूमिका ने द्वितीय स्थान प्राप्त करके महाविद्यालय का नाम रोशन किया।

– **डॉ. दिनेश**

# विशेष पुरस्कार

1. **शहीद लेफ्टिनेंट कुलदीप सिंह राठी मेमोरियल पुरस्कार :**

यह पुरस्कार श्रीमती राजकुमारी ने अपने बेटे, जो इस कॉलेज के पूर्व छात्र रहे है, की याद में स्थापित किया है। श्रीमती राज कुमारी ने यह पुरस्कार अपने बेटे, इस कॉलेज के पूर्व छात्र शहीद लेफ्टिनेंट कुलदीप सिंह राठी की याद में, हर साल विश्वविद्यालय परीक्षा में बी कॉम-I, II, III के कॉलेज टॉपर को दिया जाता है।

2. **निशांत कादयान स्मृति पुरस्कार :**

इस कॉलेज के पूर्व छात्र निशांत कादयान की याद में, श्री राजेंद्र सिंह कादयान द्वारा इस पुरस्कार की स्थापना की गई। दस जरूरतमंद और मेधावी छात्रों जिनके पास ग्रामीण पृष्ठभूमि है (दो प्रत्येक फॉर्म बीए, बी.कॉम., बी.एससी, (मेड.), बी. एससी (नॉन-मेडिकल) और बीसीए को पुरस्कार के रूप में 1100/- प्रत्येक दिया जाता है।

3. **डी डी डेमला मेमोरियल पुरस्कार :**

अपने पति स्वर्गीय श्री दयामल की याद में पूर्व व्याख्याता और प्राचार्य, श्रीमती राज डेमला,(सेवानिवृत्त) ने तीन मेधावी छात्रों को दिए जाने वाले इस पुरस्कार की स्थापना की है

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | कॉलेज टॉपर (एग्रीगेट) यूनिवर्सिटी में | बी.एससी II | परीक्षा रु. 1000/- |
| 2. | यूनिवर्सिटी में कॉलेज टॉपर बी.एससी I (वनस्पति विज्ञान) | | परीक्षा रु. 750/- |
| 3. | कॉलेज टॉपर बी.एससी II (वनस्पति विज्ञान) विश्वविद्यालय में | | परीक्षा रु. 750/- |

5. **पीसी वधवा गणित छात्रवृत्ति :**

श्री पीसी वधवा डीजीपी (सेवानिवृत्त) हरियाणा ने इस छात्रवृत्ति को यूनिवर्सिटी में कॉलेज टॉपर मैथ्स ऑनर्स सेमेस्टर IV को 350/ - प्रति माह दिया जाता है।

6. **श्रीमती चांद बाई स्मारक पुरस्कार :**

यह पुरस्कार श्रीमती सुशील कुमारी एसोसिएट प्रोफेसर, अपनी मां की याद में स्थापित किया गया है। यह पुरस्कार विश्वविद्यालय में अंग्रेजी ऑनर्स सेमेस्टर IV के कॉलेज टॉपर को 1100/ - दिया जाता है।

8. **श. इंदर सिंह मेमोरियल पुरस्कार :**

डॉ. कमलेश ढाका, एसोसिएट प्रोफेसर, हिंदी ने अपने पिता की स्मृति में इस पुरस्कार की स्थापना की है। 1100/- रुपये का यह पुरस्कार साहित्य और सांस्कृतिक गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले दो छात्रों को दिया जाता है।

9. **श. आरएमएस राठी मेमोरियल पुरस्कार :**

यह पुरस्कार श्रीमती सुशीला राठी ने अपने पति स्वर्गीय श्री आरएमएस राठी की याद में द्वारा स्थापित किया। यह पुरस्कार 1100/- प्रत्येक छात्रअच्छे अकादमिक रिकॉर्ड वाले दस जरूरतमंद और अनुशासित छात्रों को दिया जाएगा, विशेषकर ग्रामीण पृष्ठभूमि के BA, B.Com., Hindi Hons, B.Sc. (Med), B.Sc. (Non-Med) के छात्र-छात्राओं को दिया जाता है।

10. **श्री मुख्तियार सिंह श्रीमती छाबड़ो देवी स्मृति पुरस्कार :**

बी.ए. जियोग्राफी ऑनर्स के दो टॉपर्स को उनके माता-पिता की याद में 5000/- प्रत्येक का यह पुरस्कार डॉ. कपूर सिंह ढाका द्वारा अपने माता-पिता की याद में दिया जाता है।

11. **भूगोल के लिए छात्रवृत्ति :**

जियोग्राफी ऑनर्स के 1st Year, IInd Year व Final Year के टॉपर्स के लिए क्रमश: 2100 रुपये, 3100 रुपये और 5100 रुपये का यह पुरस्कार अमित अहलावत गोछी द्वारा दिया जाता है।

13. **अभिषेक धनखड़ स्मारक** : B.A. I Hindi (Hons), B.A. I, B.Sc. (NM), B.Com., BCA के प्रत्येक कॉलेज टॉपर को उनके बेटे अभिषेक की स्मृति में डॉ. निर्मला धनखड़ द्वारा 2100/- रुपये का पुरस्कार दिया जाता है।

## इतिहास विभाग

आज दिनांक 20.03.2024 को इतिहास विभाग में निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन सफलतापूर्वक किया गया। जिसका विषय - स्वामी दयानन्द सरस्वती: एक प्रसिद्ध समाज सुधारक रहा। जिसमें विभिन्न प्रतिभागियों ने अपनी उत्कृष्ट कला का प्रदर्शन किया। विजेता विद्यार्थियों की सूची इस प्रकार है।

| क्र.स. | नाम | अनुक्रमांक | कक्षा | प्राप्त स्थान |
|---|---|---|---|---|
| 1. | मन्नू | 9045 | बी0ए0, प्रथम वर्ष | प्रथम स्थान |
| 2. | ईशा | 1230696010 | बी0ए0, प्रथम वर्ष | द्वितीय स्थान |
| 3. | सागर | 1211271002226 | बी0ए0, तृतीय वर्ष | तृतीय स्थान |
| 4. | दिनेश | 1211271002119 | बी0ए0, तृतीय वर्ष | तृतीय स्थान |

- डॉ0 सुरेश दहिया

## विद्यार्थी दाखिला विवरण

महाविद्यालय द्वारा BBA, BCA, PGDCA, BA, B.Sc., Com, व 11 विषयों में Hons. व 6 विषयों में स्थ्नातकोत्तर Course पढाए जाते है। स्नातक में कुल 2580 सीटों पर दाखिला दिया गया तथा स्नातकोत्तर में 360 सीटों पर दाखिला दिया गया। दाखिला प्राप्त करने हेतु हमारा महाविद्यालय पूरे राज्य में प्रथम विकल्प के, रहा जोकि बेहद सराहनीय है। संपूर्ण दाखिला प्रकिया नोडल अधिकारी डॉ. अनिल कुमार, एसोसिएट प्रोफेसर, कम्प्यूटर साइंस विभाग के निर्देशक में सुधारू रूप से करवाई गई।

-डॉ. अनिल कुमार

## वाणिज्य विभाग

सत्र के आरंभ में वाणिज्य विभाग में 5 दिसंबर 2023 को 'शिक्षक दिवस' का आयोजन किया गया। इसके बाद 26 अक्टूबर 2023 को विभाग द्वारा 'छात्र विकास कार्यवाही' का आयोजन आईसीएएआई बिजनेस स्कूल के सहयोग से किया गया। इसका शीर्षक था 'आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस'। 27 अक्टूबर 2023 को विभाग द्वारा 'शिक्षक अभिभावक वार्ता' का आयोजन हुआ और अभिभावकों से विद्यार्थियों के संदर्भ में गहन चर्चा की गई।

दिनांक 2 नवंबर 2023 से 9 नवंबर 2023 तक 'सोशल आउटरीच प्रोग्राम अर्थात सामाजिक नियंत्रण कार्यक्रम' का आयोजन किया गया । इस कार्यक्रम में 'सफाई अभियान, जागरूकता अभियान, स्थानीय वस्तुओं के उपयोग में वृद्धि, वृक्षारोपण और वस्त्र वितरण कार्यक्रम' आदि से संबंधित कार्य किए गए। दिनांक 20 जनवरी 2024 को एक विस्तार व्याख्यान का आयोजन 'करियर अपॉर्चुनिटी इन कॉरपोरेट सेक्टर' विषय पर किया गया जिसमें मुख्य वक्ता श्री विनोद कुमार, त्रिज्ञा इन्नोवेशंस इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के एचआर प्रभारी रहे। इसके बाद एक और 'विस्तार व्याख्यान' का आयोजन दिनांक 15 मार्च 2024 को 'एन इंट्रोडक्शन टू स्टैटिसटिकल टेक्निक्स इन कॉमर्स' विषय पर करवाया गया। इस व्याख्यान के मुख्य वक्ता डॉ. ललित शर्मा एसोसिएट प्रोफेसर अर्थशास्त्र विभाग गुरु जंभेश्वर यूनिवर्सिटी हिसार रहे।

इसके बाद दिनांक 19 मार्च 2024 को 'विस्तार व्याख्यान' के लिए डॉक्टर्स की एक टीम को बुलाया गया। इस टीम में 'डॉ. रमन सुखीजा, डॉक्टर अपूर्व नरूला, डॉक्टर ईशा नरूला और डॉक्टर विनीता गोयल' शामिल रहे। डॉ. रमन सुखीजा ने 'हेल्थ एंड हाइजीन इन टीनएजर्स' विषय पर अपना व्याख्यान दिया। डॉ. अपूर्व नरूला ने, जो कि रोटरी क्लब के प्रेसिडेंट भी हैं, ने 'द रोल ऑफ एंपावर्ड मैन इन वुमन एंपावरमेंट' के बारे में विस्तार से बताया। डॉक्टर ईशा नरूला ने 'जेंडर डिस्क्रिमिनेशन, सेक्स डिटरमिनेशन एंड फीमेल फोएटिसाइड' के बारे में अपना व्याख्यान दिया। अंत में डॉक्टर विनीता गोयल ने 'सर्वाइकल कैंसर वैक्सीनेशन इन यंग एडल्ट्स' विषय पर विस्तार से जानकारी रखी और विभाग के विद्यार्थियों को इसके बारे में विस्तार से जानकारी दी।

**- डॉ. सतीश खासा**

## गणित विभाग

1. दिनांक 31 अक्टूबर 2023 को दोपहर 12:00 बजे से 2:00 बजे तक सभी गणित विद्यार्थियों के परिजनों के साथ एक मिटिंग की गई। जिसमें अभिभावकों द्वारा दिए गए सुझावों को फैक्ल्टी के साथ विचार विमर्श किया गया और उन्हें लागू किया।
2. दिनांक 9 मार्च 2024 को विभाग के सभी विद्यार्थियों के लिए Career Opportunities for Mathematics Students का आयोजन किया गया। इसमें श्री नवीन शर्मा, Govt P.G. College, Sector-1 पंचकूला ने सभी विद्यार्थियों को विभिन्न केरियर के बारे में अवगत कराया।
3. दिनांक 12 मार्च 2024 को विभाग में विद्यार्थियों के लिए एक विस्तार व्याख्यान का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यार्थियों को UPSC Exam और केरियर के बारे में बताया गया।

**- डॉ. आर.के. दहिया**

## राष्ट्रीय सेवा योजना ( NSS )

1. 14 अप्रैल 2023 को महर्षि विश्वविद्यालय में पाँच स्वयंसेवको ने बाबा भीमराम अम्बेडकर द्वारा 'सामज में लाए गए परिवर्तन' विषय पर आयोजित की गई प्रस्ताव लेखन प्रतियोगिता में भाग लिया।
2. 1 अगस्त से 15 अगस्त के दौरान कॉलेज में पौधारोपण अभियान के तहत स्वयंसेवकों ने लगभग 50 के करीब पौधों का परिसर में रोपण किया।
3. 31 अगस्त को 'नशा मुक्ति अभियान' कार्यक्रम के तहत रैली निकाली गई और पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।
4. 4 सितम्बर को सभी कार्यक्रम अधिकारियों व एनएसएस स्वयं संवकों ने साईकिल रैली द्वारा नशा मुक्त भारत अभियान में योगदान दिया।
5. 26 सितम्बर 2023 को डॉ. शैली दलाल एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी व 17 स्वयंसेवकों ने मदवि में पौधारोपण अभियान में भाग लिया।
6. 16 अक्टूबर को 'मेरी माटी, मेरा देश' अभियान के तहत स्वयं सेवकों ने रैली निकाली तथा देशभक्ति गीत व गायन प्रतियोगिता में भाग लिया।

7. 26 अक्टूबर 2023 को खादी उद्योग को बढ़ावा देने के लिए व्याख्यान का आयोजन किया गया।
8. 31 अक्टूबर को राष्ट्रीय युवा दिवस पर व्याख्यान का आयोजन किया गया तथा स्वयं सेवकों को नशा मुक्ति की नशीले पदार्थों से दूर रहने की शपथ दिलाई गई।
9. 27 दिसम्बर 2023 से 2 जनवरी 2024 तक गाँव कन्हैली में सप्त दिवसीय विशिष्ट शिविर का आयोजन किया गया।
10. 9 जनवरी – 18 जनवरी 2024 में डॉ. शैली दलाल ने राष्ट्रीय शिविर हाटकोटी, हिमाचल प्रदेश में सप्त दिवसीय शिविर में भाग लिया।
11. 14 फरवरी को कॉलेज परिसर में स्वच्छता अभियान के तहत एक दिवसीय शिविर में स्वयं सेवकों ने कॉलेज परिसर की सफाई की।
12. 15–23 फरवरी 2024 दो स्वयंसेवको रेनु व रितुराज ने धानाचौली, उत्तराखंड में युवा नेतृत्व प्रशिक्षण शिविर में डॉ. शैली दलाल के नेतृत्व में भाग लिया।
13. 29 मार्च 2024 लगभग 35 स्वयंसेवको ने स्वराज सदन में एक दिवसीय कार्यशाला में भाग लिया जिसमे यातायात नियमावली सुरक्षा पर विस्तृत जानकारी दी गई।

**– डॉ. शैली**

## राष्ट्रीय कैडेट कोर ( NCC Unit Boys & Girls )

**पंडित नेकीराम शर्मा महाविद्यालय की राष्ट्रीय कैडेट कोर में 108 एस डी और 54 एस डबलू सीटों पर अभी 150 कैडेट्स नामांकित हैं। वर्ष 2023–2024 की मुख्य गतिविधियां एवं उपलब्धियां इस प्रकार हैं–**

1. महाविद्यालय की एनसीसी सीनियर अंडर ऑफिसर खुशी सिंधु ने DG recommendation पत्र प्राप्त किया। साथ ही उन्होंने थल सेना कैंप, नेशनल शूटिंग चैंपियनशिप में भाग लिया और वह श्रेष्ठ कैडेट रही।
2. महाविद्यालय की अंडर ऑफिसर आदेश कुमारी ने एक भारत श्रेष्ठ भारत कैंप में भाग लिया ।
3. महाविद्यालय की एनसीसी में अंडर आफिसर दिव्या RDC का हिस्सा रही ।
4. सर्जेंट मोनिका (RDC) में समूह का प्रतिनिधित्व किया तथा ड्रिल में सिल्वर मेडल जीत कर महाविद्यालय का नाम रोशन किया ।
5. सर्जेंट नेहा ने (RDC) मे 1 battalion का प्रतिनिधात्व किया ।
6. एनसीसी कैडेट्स ने नशा मुक्ति के लिए रैली करके सभी को नशे से दूर रहने का संदेश दिया
7. महाविद्यालय के 60 कैडेट्स ने पर्यावरण को बचाने के लिए महर्षि दयानंद यूनिवर्सिटी में 20–10–2023 को वृक्ष रोपण करके अपने कर्तव्य का पालन किया। इसके साथ ही कैडेट्स ने तिलियार झील की स्वच्छता अभियान में भाग लिया ।
8. महाविद्यालय के एनसीसी कैडेट्स ने सशस्त्र सेना झंडा दिवस पर सभी विद्यार्थियों को सेना झंडा देते हुए देश प्रेम एवं देश के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाने का संदेश दिया ।
9. एनसीसी कैडेट्स ने महाविद्यालय में आयोजित यातायात जागरूक अभियान में भाग लिया और सुरक्षित यातायत

पालन करने की शपथ ली।

10. राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष में 13-02-2024 को महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देते हुए विस्तार व्याख्यान का आयोजन एनसीसी यूनिट द्वारा आयोजित किया गया ।

11. एनसीसी समूह मुख्यालय रोहतक के ग्रुप कमांडर ब्रिगेडियर हरबीर सिंह, YSM , SM ने कालेज की एनसीसी यूनिट का निरीक्षण 15-03-2024 को किया। इस अवसर पर ब्रिगेडियर हरबीर सिंह ने एनसीसी कैडेट्स से सेना में अधिकारी भर्ती होने के गुण साझा किए ।

12. एनसीसी यूनिट और यूथ क्रॉस के संयुक्त तत्वाधाान में मुफ्त दांत देखभाल का शिविर आयोजन 19-03-2024 को किया गया। इस अवसर पर उपस्थित टीम ने विद्यार्थियों से दांतो की नियमित देखभाल की जानकारी साझा की।

13. महाविधालय की एनसीसी यूनिट द्वारा यूथ रेड क्रॉस के साथ संयुक तत्वाधान में रक्त दान शिविर का आयोजन दिनांक 18-10-2023 को किया। इस शिविर में कॉलेज के विद्यार्थियों और शिक्षकों व कर्मचारियों ने स्वेच्छा से रक्तदान किया ।

14. महाविधालय की एनसीसी यूनिट द्वारा विस्तार व्याख्यान वन रोपण दिनांक 10-10-2023 को आयोजन किया गया। इस विस्तार व्याख्यान से सहायक प्रवक्ता डॉ. श्री कृष्ण दुहन रहे।

**- कैप्टन रश्मी**

## NEP/NIRF

1. 26 दिसम्बर 2023 को डॉ. अमित सहगल, डॉ. एकता शर्मा, व NIRF कमेटी द्वारा DHE, हरियाणा द्वारा NIRF के संदर्भ में आयोजित वर्कशॉप में भाग लिया गया।

2. 9 जनवरी 2024 को डॉ. अमित सहगल, डॉ. एकता शर्मा व NIRF कमेटी सदस्यों द्वारा हरियाणा सांख्यिकी विभाग, DHE पंचकुला द्वारा NIRF के संदर्भ में आयोजित कार्यशाला में भाग लिया गया।

3. NIRF कमेटी द्वारा 6 जनवरी 2024 को NIRF कार्यशाला आयोजित की गई जिसमें कॉलेज के प्रत्येक विभाग से 2-2 सदस्यों ने भाग लिया।

4) NEP कमेटी द्वारा NEP 2020 के संदर्भ में IQAC के सहयोग से दिनांक 2 मार्च 2024 को एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन करवाया गया। जिसमें MDU के IQAC विभाग के डायरेक्टर प्रोफेसर नरसिम्हन बी, प्रोफेसर राजीव कुमार (एम.डी.यू.) व डॉ. अमित सहगल (NED कन्वीनर) मुख्य वक्ता थे।

**- डॉ. अमित सहगल**

## REPORT
## (Earn While You Learn Scheme)

1. Session 2023-24 में Earn While You Learn Scheme के Under महाविद्यालय के 12 विभागों में 39 विद्यार्थियों ने काम किया। इसमें एक लाख की ग्रांट Consume हो गयी।

**श्रीमती पायल जैन, Convenor**

## AISHE

AISHE सर्वे 2022-23 विषय पर दिनांक 23 फरवरी 2024 को एक दिवसीय जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यशाला DHE, AISHE पं. नेकीराम राजकीय महाविद्यालय व शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित की गई जिसमें जिले के 113 महाविद्यालयों ने भाग लिया। इस कार्यशाला का आयोजन नोडल अधिकारी डॉ. अनिल कुमार एसोसिएट प्रोफेसर, कम्प्यूटर साइंस विभाग के नेतृत्व में करवाया गया।

**- डॉ. अनिल कुमार**

## हमारी आवश्यकताएँ

विभिन्न प्रशासनिक प्रक्रियाओं के बाद महाविद्यालय के लिए एक नया लेआउट प्लान तैयार किया गया जिसमे निम्नलिखित नए भवनों के निर्माण की प्रक्रिया निर्माण की मंजूरी और भवन योजना पास हुई ।

1. सात मंजिला नया शैक्षणिक भवन
2. सात मंजिली नया पुस्तकालय भवन
3. नया बहुउद्देशीय खेल हाल
4. लड़कियों के लिए नया छात्रावास
5. लड़कों के लिए नया छात्रवास

## व्यक्तिगत उपलब्धियाँ

**डॉ. रविन्द्र कुमार, एसोसिएट प्रो. रसायन विभाग :**

1. एक पुस्तक प्रकाशित:अश्वर्गेनिक केमिस्ट्री लैम्बर्ट ए केडमिक पब्लिशिंग आईएसबीएन: 978-620-7- 44760-2
2. एक शोध पत्र प्रकाशितय चांदी के नैनोकणों की आकर्षक दुनियाय रासायनिक स्वास्थ्य जोखिमों के नैनोटेक्नोलॉजी जे को आकार देने में संश्लेषण, विशेषता और उनकी महत्वपूर्ण भूमिका की खोज (2023)13(6),2361-2373 आईएसएसएन 2251-6727 ।
3. 19-2-24 से 2-3-24 तक केयूके द्वारा आयोजित एनईपी 2020 ओरिएंटेशन एंड सेंसिटाइजेशन प्रोग्राम (एमएमटीटीपी) में भाग लिया।
4. शोध पत्र: अपशिष्ट खाना पकाने के तेल से सतत बायोडीजल उत्पादन के लिए हरित उत्प्रेरक E3S वेब में प्रकाशन के लिए स्वीकृत।
5. सतत भविष्य के लिए विज्ञान और प्रौद्योगिकी पर आईएससीए रोहतक चौप्टर का अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन 7-8 फरवरी, 2024 दूसरे में एक आमंत्रित भाषण दिया ।
6. आरपीएस डिग्री कॉलेज बलाना में 3-4 नवंबर, 2023 को आईएससीए रोहतक चैप्टर के सहयोग से सतत विकास के लिए विज्ञान और प्रौद्योगिकी पर वैश्विक परिप्रेक्ष्य पर राष्ट्रीय सम्मेलन में एम्पेरोमेट्रिक निर्धारण विषय पर एक शोध पत्र प्रस्तुत किया।
7. 29 सितंबर,2023 को रसायन विज्ञान विभाग एम.डी.यूनिवर्सिटी रोहतक द्वारा सामग्री और जीवन विज्ञान में हालिया रुझानों पर आयोजित राष्ट्रीय सम्मेलन में विश्लेषणात्मक विधि द्वारा Cu(11½)Ag(11) और Au(11) के निर्धारण

विषय पर एक शोध पत्र प्रस्तुत किया।.

8. भारतीय विज्ञान कांग्रेस एसोसिएशन के आजीवन सदस्य, सदस्यता संख्या–एल 41461।

9. यूजी बोर्ड ऑफ स्टडीज रसायन विज्ञान विभाग एमडीयू रोहतक के सदस्य अंत संख्या-9113-27।

10. 17 अगस्त 2023 को पं. एनआरएस जी सी रोहतक में जिला स्तरीय निबंध लेखन प्रतियोगिता में निर्णायक के रूप में कार्य किया।

11. 19 अगस्त 2023 को आरआरएसएल–अहमदाबाद द्वारा आयोजित डीआरएएस आईटीएस–एसजी और बियॉन्ड एप्लीकेशन पर मेट्रोलॉजी पर एक ऑनलाइन कार्यशाला में भाग लिया।

**डॉ. अनिल कुमार एसोसिएट प्रोफेसर, कम्प्यूटर विभाग:**

1. डॉ. अनिल कुमार एसोसिएट प्रोफेसर, कम्प्यूटर साइंस द्वारा AISHE पर एक दिवसीय कार्यशाला का 23 फरवरी 2024 को आयोजन करवाया गया।
2. 21 मार्च 2024 को एम.डी.यू, रोहतक में Future Compuling Technologies for Sustainale Development विषय पर आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी में Session Chair किया गया।
3. S.J.K. College Kalanaur में डॉ. अनिल कुमार ने IQAC, Outside Expert के तौर पर कार्य किया
4. NIT KUK में M.Tech. Dissertation के External Examiner के तौर पर कार्य किया।
5. बाबा मस्तनाथ University में Computer Science विभाग में Evaluation of P.hd. Expert के तौर पर कार्य किया।
6. वर्ष 2024-25 के लिए MDU University, Rohtak के Computer विभाग में Member Board of Studies के लिए मनोनित किया गया।

**श्री प्रवीण गोयल, भौतिकी विभाग :**

डॉ0 प्रवीण गोयल ने राजकीय महाविद्यालय, लाखनमाजरा तथा राजकीय महाविद्यालय, जुलाना एवं L.N. हिन्दी महाविद्यालय, रोहतक में अपना विस्तार व्याख्यान प्रस्तुत किया।

**डॉ. निर्मला, संस्कृत विभाग :**

दिनांक 5 से 6 मार्च 2024 को महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय, रोहतक के संस्कृत विभाग द्वारा आयोजित अन्तर्राष्ट्रीय-शोध सम्मेलन में 'संस्कृत भाषा के प्रचार-प्रसार में महर्षि दयानन्द का योगदान' विषय पर पेपर प्रस्तुत किया।

पंडित नेकीराम शर्मा राजकीय महाविद्यालय द्वारा 2 मार्च 2024 को NEP नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर एक दिवसीय जिला स्तरीय कार्यशाला में भाग लिया।

**श्रीमती कोमल वर्मा, सहायक प्रोफेसर, हिन्दी विभाग :**

1. यू.जी.सी. केयर लिस्टिड पत्रिका 'मध्य भारती में 'मैत्रेयी पुष्पा के कथा साहित्य में नारी चिंतन पर शोध पत्र प्रकाशित।
2. महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय के संस्कृत विभाग द्वारा आयोजित दो दिवसीय अन्तर्राष्ट्रीय सेमिनार 4-5 मार्च 2024 को विषय 'महर्षि दयानन्द का शिक्षा में योगदान' पर शोध पत्र प्रस्तुत।
3. पंडित नेकीराम शर्मा राजकीय महाविद्यालय द्वारा 2 मार्च 2024 को NEP नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर एक दिवसीय जिला स्तरीय कार्यशाला में भाग लिया।

**डॉ. ईशा कपूर, सहायक प्रोफेसर, हिन्दी विभाग :**

1. जी.सी. केयर लिस्टिड में 'यशपाल को कहानियों में नारी शोषण का चित्र' विषय पर प्रकाशित एन पेपर 'पत्रिका शोध प्रभा।
2. 4-5 मार्च 2024 को एम.डी.यू. रोहतक ने संस्कृत विभाग द्वारा आयोजित दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सेमिनार में महर्षि दयानंद सरस्वती पर 'राष्ट्रवाद और हिन्दी' पर प्रस्तुत पेपर।
3. 2 मार्च 2024 को पंडित नेकीराम शर्मा राजकीय महाविद्यालय द्वाना एन.ई.पी. पर आयोजित एक दिवसीय जिला स्तरीय कार्यशाला में भाग लिया।

**डॉ. अनिता मलिक एसोसिएट प्रोफेसर, मनोविज्ञान विभाग :**

दिसम्बर 2023 में मनोविज्ञान विभाग से असोसिएट प्रोफेसर डॉ. अनिता मलिक का राष्ट्रीय स्तर की पत्रिका में Over Population and Enviromental Degradation : A Psyshological Perspective नामक विषय पर शोध आलेख प्रकाशित हुआ।

महाविद्यालय द्वारा आयोजित NEP-2020 Workshop तथा सात दिवसीय योग कार्यशाला में भाग लिया।

**डॉ. एकता शर्मा, असिस्टैन्ट प्रोफेसर, अंग्रेजी विभाग :**

1) राजकीय महाविद्यालय, लाखनमाजरा में Career Prospects in Language & Importance of Soft Skills विषय पर दिनांक 20 फरवरी 2024 को विस्तार व्याख्यान प्रस्तुत किया गया।
2) दिनांक 4 दिसम्बर 2023 से 16 दिसम्बर 2023 को NEP 2020 Orientation & Sensitization Programme में भाग लिया गया
3) डॉ0 एकता शर्मा की पुस्तक 'A Psychological Study of the Problem of Alienation in Saul Bellow' Henderson the Rain King, Herzog and Mr. Sammler's Plannet' का प्रकाशन व विमोचन किया गया।
4) डॉ0 एकता शर्मा ने Editorial Board of English Language, Literature and Culture Journal, ISSN 2575 : 2367 के सदस्य के रूप में कार्य किया।

**डॉ0 सुरेन्द्र सांगवान, एसोसिएट प्रोफेसर, अंग्रेजी विभाग :**

1) AISHE के संदर्भ में DHE द्वारा प्रायोजित एक दिवसीय कार्यशाल में 23 फरवरी 2024 को भाग लिया।
2) 2023-24 सत्र में MDU University, Rohtak के UMC कमेटी के मैम्बर के रूप में कार्य किया।
3) Department of English, MDU Rohtak द्वारा आयोजित NEP 2020 Curriculum Committee में भाग लिया।

4) वर्ष 2023-24 में बाबा मस्तनाथ University, के अंग्रेजी विभाग की DRC Committee में कार्य किया।

**डॉ. प्रियंका शांडिल्य, भूविज्ञान** के संकाय, 2023-24 शैक्षिक सत्र के दौरान अपनी डॉक्टरेट डिग्री आईआईटी बॉम्बे से प्राप्त की।

- 21 दिसंबर 2023 से 30 दिसंबर 2023 तक "NEP 2020 ओरिएंटेशन और संवेदनशीलता प्रोग्राम'' मलवीय मिशन टीचर ट्रेनिंग प्रोग्राम को पूरा किया।
- 2 मार्च 2024 को NEF समिति द्वारा आयोजित एक-दिवसीय जिला स्तर के कार्यशाला में भाग लिया, जो आईक्यूएसी के सहयोग से पीटी एनआरएस जीसी रोहतक द्वारा आयोजित किया गया।

# आभार ज्ञापन

महाविद्यालय के सभी सहयोगी प्राध्यापकवृन्द तथा अन्य सभी कर्मचारियों ने अपने कर्तव्यों को निष्ठापूर्वक पूरा किया है। इस समारोह के अवसर पर मैं सभी का आभार व्यक्त करता हूँ। महाविद्यालय के सभी छात्र–छात्राओं ने अनुशासित रहकर शिक्षा, सांस्कृतिक एवं क्रीड़ा–क्षेत्र की गतिविधियों में प्रशंसनीय उपलब्धियाँ प्राप्त की हैं, वे सभी बधाई के पात्र हैं।

इस वार्षिक–प्रतिवेदन को तैयार करने के लिए डॉ. सुरेन्द्र सांगवान, डॉ. एकता शर्मा व डॉ. शौकीना का भी हार्दिक धन्यवाद करता हूँ।

मैं उन सभी का एक बार पुनः धन्यवाद करता हूँ जिनके प्रत्यक्ष एवं परोक्ष सहयोग से यह महाविद्यालय निरन्तर प्रगति के पथ पर अग्रसर हैं।

अन्त में मैं आज के समारोह के मुख्यातिथि एवं समारोह में उपस्थित महानुभावों का हार्दिक आभार व्यक्त करता हूँ।

**डॉ0 लोकेश बल्हारा**
**एच.ई.एस. - I**
**प्राचार्य**
**पंडित नेकीराम शर्मा राजकीय महाविद्यालय, रोहतक**














**Phone : 01262-283190, 280046, 281965**

**E-mail : nrsrohtak@gmail.com**

**Website : www.nrsgcrohtak.com**

**Pt. NRS Govt. College, Rohtak**

College app
**Pt. NRSGC Rohtak**